जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1039 दिनांक : 03.10.2020

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अति आवश्यक

विशयः- **स्नातक-बी0ए0,बी0कॉम0,बी0एस0सी0बी0एस0सी होम साइंस षष्टम सेमेस्टर (केवल संस्थागत/असंस्थागत ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों हेतु) परीक्षा जून-2020 एवं स्नातकोत्तर एम0ए0,एम0कॉम0,एम0एस0सी0 एम0एस0सी होम साइंस चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/स्वाध्यायी/ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों) के प्राजेक्ट परीक्षा के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने हेतु दिशा निर्देश।**

सन्दर्भः- कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म0प्र0 शासन सपतुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 भोपाल एवं जीवाजी विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक परीक्षा-2 गोप/2020/330 दिनांक 03.06.2020।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, स्नातक-बी0ए0,बी0कॉम0,बी0एस0सी0बी0एस0सी होम साइंस षष्टम सेमेस्टर (केवल संस्थागत/असंस्थागत ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों हेतु) परीक्षा जून-2020 एवं स्नातकोत्तर एम0ए0, एम0कॉम0, एम0एस0सी0 एम0एस0सी होम साइंस चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/स्वाध्यायी/ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों) की प्रोजेक्ट परीक्षा के असाइनमेंट परीक्षार्थियों द्वारा संबधित अग्रेषण केन्द्र पर निर्धारित तिथि तक जमा कराये जा चुके है। उक्त प्रोजेक्ट का मूल्यांकन म0प्र0शासन के दिशा निर्देशासनुसार महाविद्यालय स्तर पर ही किया जाना है।

एम0पी0ऑनलाइन द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार अंतिम वर्ष ओपन बुक परीक्षा जून-2020 में सम्मलित छात्रों के प्रवेश पत्र निकलवाने हेतु समयावधि को दृष्टिगत रखते हुऐ महाविद्यालयों द्वारा प्रोजेक्ट परीक्षा के अंको के स्थान पर जीरो अथवा निल अंकित कर प्रवेश-पत्र डाउनलोड किये गये हैं। प्रोजेक्ट परीक्षा के अंको के आभाव में परीक्षा परिणाम घोषित करने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

उक्त संबध में सूचित किया जाता है कि, महाविद्यालयों द्वारा प्रोजेक्ट के भरे गये समस्त अपूर्ण एवं अमान्य अंको को विश्वविद्यालय द्वारा रीसेट किया जा रहा है। अतः आप स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के परीक्षार्थियों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन कर प्रोजेक्ट के अंक दिनांक **08.10.2020** तक आवश्यक रूप से एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करे। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को प्रोजेक्ट में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक मान्य नहीं किये जावेगे।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्व महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या ,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहायक कुलसचिव(गोपनीय)